# हरियाणा विधान सभा

(20 मार्च, 2023 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)

## तारांकित प्रश्न

## 20 मार्च, 2023

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### जलभराव की समस्या का समाधान करना

*61 **श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि बादली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बादली, देशलपुर, बुपनिया, शाहपुर, गंगडवा, लुक्सर, सुरेहती जगरतपुर, खुड्डन, छप्पार, मुन्डाखेड़ा सिलाना, सिलानी, सुबाना, चांदोल, ढाकला, अहरी, सोंधी, जैतपुर, न्योला, देवरखाना, बाढसा, कासनी, पटोदा, लोहारी, कुलाना तथा कोका के खेतों में मानसून तथा बेमौसमी बरसात के कारण जलभराव की एक बड़ी समस्या है ; तथा
(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त समस्या के समाधान के लिए क्या पग उठाए गए तथा उक्त समस्या का स्थायी समाधान कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

### राजकीय कन्या महाविद्यालय खोलना

*62 **श्री लीला राम (कैथल):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या कैथल विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में एक राजकीय कन्या महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है ?

----

## अतिथि अध्यापकों का स्थानांतरण

***63 श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा अतिथि अध्यापक उनके गृह जिले से 200/400 कि. मी. दूर स्थानांतरित किए गए हैं; तथा

(ख) क्या उपरोक्त अध्यापकों को उनके गृह जिलों में रिक्त पड़े पदों पर स्थानांतरण पश्चात् समायोजित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## नियंत्रित क्षेत्रों में रजिस्ट्रियां खोलना

***64 श्री सुभाष सुधा (थानेसर):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम-1975 (2020 का हरियाणा अधिनियम संख्या 17 दिनांकित 14.09.2020) की धारा 7-क के संशोधन के तहत सरकार द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों में रजिस्ट्रियों को बन्द कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या खाली भूमि, पक्के मकानों, भूखण्डों तथा दुकानों की अवस्थिति की पहचान करने के सम्बन्ध में अधिनियम में संशोधन से पूर्व भूमि का सर्वेक्षण नहीं करवाया गया था;

(ग) यदि भूमि पहले से ''गैर मुमकिन'' थी, तो उनकी रजिस्ट्रियां बन्द करने के कारण क्या हैं; तथा

(घ) उपरोक्त रजिस्ट्रियां कब तक खोले जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## होटलों/मैरिज पैलेसों के लिए सामान्य नीति

***65 श्री असीम गोयल नन्न्योला (अंबाला शहर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जल संसाधनों को उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में तथा प्रदूषण टैक्स, कचरा टैक्स इत्यादि के सम्बन्ध में होटलों/मैरिज पैलेसों/बैकैंट हॉलों को राहत देने के लिए कोई सामान्य नीति बनाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## कम्पोनेंट प्लान के अन्तर्गत जारी की गई राशि

***66 श्री ईश्वर सिंह (गुहला)ः**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि गत् पांच वर्षों में राज्य में कम्पोनेंट प्लान के अन्तर्गत अनुसूचित जातियों के लिए विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत विकास कार्यों के लिए जारी की गई राशि का प्रतिशतता अनुसार ब्यौरा क्या है ?

----

## भूमिगत जल स्तर को बढ़ाना

***67 श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या राज्य के डार्क जोन में भूमिगत जल का स्तर बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कोई पग उठाए गए है ; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; तथा
(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

----

## नई सड़क का निर्माण करना

***68 श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर)ः**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यमुनानगर से कैम्प के समीप वाया लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह से होते हुए बेहतर कनैक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 344 (पंचकुला-कलानौर) तक एक नई सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उक्त सड़क के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

----

## गुलाबी कार्ड बनाने के लिए दिशा निर्देश

***69 चौ. आफताब अहमद (नूंह)ः**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में उन परिवारों की कुल संख्या कितनी है जिन्हें परिवार पहचान पत्र के आधार पर राशन कार्ड बनने के पश्चात् दिसम्बर, 2022 में राशन कार्ड के कट जाने के कारण जनवरी, 2023 में राशन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है ;
(ख) क्या यह तथ्य है कि बी.पी.एल. कार्ड बनाने के लिए रु 1,80,000/- से कम आय होनी चाहिए; तथा

(ग) यदि हां, तो गुलाबी कार्ड बनाने के लिए दिशा निर्देश क्या हैं तथा इस उद्देश्य के लिए निश्चित की गई आय क्या है ?

----

## रिक्त पदों की कुल संख्या

*70 **श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) फरवरी, 2023 के अनुसार राज्य के सहकारिता बैंकों में अपेक्षित अमले की जिलावार संख्या कितनी है; तथा उसका ब्यौरा क्या; तथा
(ख) फरवरी, 2023 के अनुसार राज्य के सहकारिता बैकों में स्वीकृत पदों में से रिक्त पड़े पदों की कुल संख्या कितनी है तथा उक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## बंद हुई बुढ़ापा पैंशनों की संख्या

*71 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) 1 जुलाई, 2022 से आज तक परिवार पहचान पत्र/ फैमिली आइडेंटिटी कार्ड से बनी बुढ़ापा पैशनों की संख्या कितनी है; तथा
(ख) दस्तावेज क्या हैं जिनके आधार पर परिवार पहचान पत्र/फैमिली आईडेंटिटी कार्ड से पहले बुढ़ापा पैंशन बनाई गई थी तथा वे दस्तावेज क्या हैं जिनके आधार पर परिवार पहचान पत्र से पहले आयु सत्यापित की गई थी तथा उस अधिकारी का नाम क्या है जिसने आयु सत्यापित की थी;
(ग) प्रक्रिया क्या है जिससे परिवार पहचान पत्र से बुढ़ापा पैंशन बनाने के लिए अपनाया जा रहा है तथा दस्तावेज क्या हैं जिनके आधार पर आयु सत्यापित की जा रही है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा
(घ) परिवार पहचान पत्र द्वारा बन्द हुई बुढ़ापा पैंशनों का जिलावार ब्यौरा क्या है तथा आधार क्या हैं जिससे उक्त पैंशनों को बंद किया गया तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## सड़क चौड़ी करना

*72 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में कनीना से कान्ती खेड़ी से राजस्थान सीमा तक की सड़क के 7 मीटर से 10 मीटर तक चौड़ी करने की वर्तमान स्थिति क्या है; यदि हां, तो उक्त सड़क के कब तक चौड़ा किए जाने की

संभावना है ?

----

## नशा मुक्ति केन्द्र खोलना

***73 श्री गोपाल कांडा ( सिरसा):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्तमान में पंजाब में बढ़ रहे नशे ने सिरसा तथा साथ लगते अन्य जिलों को अपनी चपेट में ले लिया है जिसके परिणामस्वरूप दिन-प्रतिदिन युवा प्रभावित हो रहे हैं; तथा

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जनता दरबार, सी.डी.एल.यू. दिनांकित 18.09.2022 को सिरसा में एक बड़े स्तर पर नशा मुक्ति केन्द्र खोलने की घोषणा की गई है; तथा

(ग) क्या सिरसा के गांव फूलकां में पहले से निर्मित 80 कमरों के सरकारी भवन में नशा मुक्ति केन्द्र खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है क्योंकि ऊपर वर्णित भाग 'ख' की घोषणानुसार 100 एकड़ की पंचायत भूमि भी वहां उपलब्ध है तथा पंचायत भी उक्त उद्देश्य के लिए इसे उपलब्ध कराने को तैयार है ?

----

## ट्रांसफार्मरों को बदलना

***74 श्री इन्दु राज (बड़ौदा):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) पूरी गोहाना तहसील में निजी कम्पनियों की संख्या कितनी है जिन्हें कृषि के लिए नए कुनैक्शनों के ट्रांसफार्मर बदलने के लिए ठेके दिए गए हैं जब वे खराब हों तथा उन कम्पनियों के नाम क्या हैं;

(ख) क्या किसानों के खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित की गई है; तथा

(ग) उक्त कम्पनियों द्वारा बदले गए ट्रांसफार्मरों की संख्या कितनी है तथा उन ट्रांसफार्मरों की संख्या कितनी है जिन्हें अभी तक नहीं बदला गया तथा इसके कारण क्या हैं तथा इन ट्रांसफार्मरों के कब तक बदलने की संभावना है?

----

## मैट्रो ट्रेन सेवा आरम्भ करना

***75 श्री जयवीर सिंह (खरखोदा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि आई.एम.टी. खरखौदा के लिए मैट्रो ट्रेन सेवा आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के अन्तर्गत पंजीकृत किसान

***76 श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के अन्तर्गत पंजीकृत किसानों की संख्या कितनी है तथा उन किसानों की संख्या कितनी है जिनकी आय वर्ष 2017 से दोगुनी हुई है ?

----

## सड़कों को चौड़ा तथा बाई-पास का निर्माण करना

***77 श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि झज्जर निर्वाचनक्षेत्र की निम्न सड़कों की वर्तमान स्थिती क्या हैः-

(i) छुछकवास से बहु वाया मातनहेल सड़क को चौड़ा, सुदृढ़ एवं रिकॉर्पेटिंग करना;
(ii) मातनहेल से साल्हावास सड़क को चौड़ा व सुदृढ करना;
(iii) झज्जर शहर से छुछकवास तक सड़क वाया मरोट-ग्वालीसन; तथा
(iv) छुछकवास बाई-पास का निर्माण?

----

## जल आपूर्ति पाइप-लाइन पर खर्च हुई कुल राशि

***78 श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के मोरनी खण्ड में गांव मटौर से गांव खेड़ा बागड़ की पानी की टंकी तक जल आपूर्ति पाइप-लाइन बिछाई गई है; यदि हां, तो सरकार द्वारा खर्च की गई कुल राशि कितनी है तथा इस योजना से लाभ लेने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है ?

----

## चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के विस्तार के लिए भूमि का अधिग्रहण करना

***79 डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के विस्तार के लिए 50 एकड़ भूमि का अधिग्रहण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त भूमि के कब तक अधिगृहित किए जाने की संभावना है ?

----

## दमकल केन्द्र स्थापित करना

***80 श्री संजय सिंह ( सोहना):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या सोहना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के तावडू क्षेत्र में दमकल केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है क्योंकि तावडू के समीप कोई भी अग्निशमन केन्द्र नहीं है तथा आग फैलने के दौरान नूंह या सोहना से दमकल के वाहनों को बुलाना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

**20 मार्च, 2023.** **सचिव**